सभी प्रकार के समस्याओ का समाधान हो रहा है जनसमस्या निवारण शिविर में

भिलाईनगर। नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्रांतर्गत जनकल्याणकारी योजनाओ को नागरिको तक पहुचाने के लिए जन समस्या निवारण पखवाड़ा चलाया जा रहा है। जिसमें जनता की मूलभूत समस्याएँ शासन द्वारा प्रदान की जाने वाली सुविधा नवीन राशन कार्ड, आयुष्मान कार्ड, आधार कार्ड, प्रधानमंत्री आवास, प्रधानमंत्री स्व–निधि योजना, लाईट, पानी, बिजली, सफाई की शिकायत आदि के काउन्टर लगाये गये है। आज के शिविर जोन–03 दुर्गा मंदिर वार्ड कार्यालय वार्ड 11,12, सूर्यकुण्ड डोम शेड हाउसिंग बोर्ड वार्ड 24,25 सड़क 33 डोम शेड वार्ड 52, 53 पम्प हाउस ग्राउण्ड वार्ड 46,47,48 एवं मनिकम्मा मंदिर के समीप डोम शेड वार्ड 66,67,68 में शिविर में लगाया गया है। शिविर के दौरान 35 वर्षीय ज्योति झा ने बताया जब मै नगर निगम में आकर संपर्क की तब मुझे प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना अंतर्गत 10 हजार रूपया का लोन आसानी से मिल गया। बैंक से मेरा लेनदेन अच्छा था। मेरा लेडिस गारमेंट सिंलाई का कार्य अच्छे से चलने लगा है। अब व्यापार आगे बढ़ाने के लिए 20 हजार रूपया लोन लेकर व्यापार को आगे बढ़हाउगी। इससे मेरे परिवार को बहुत बड़ा सहारा मिला है। पहले मै इधर उधर काम के लिए भटक रही थी, मै बहुत परेशान थी खुद को रोजगारमुखी बनाकर दुसरो को भी काम दे रही हूँ। यह सब मेरी मेहनत और पीएम स्वनिधि योजना के सहारे से हुआ है। इसके लिए शासन को बहुत बहुत धन्यवाद देती हूँ। भिलाई नगर विधायक देवेन्द्र यादव, वैशालीनगर विधायक रिकेश सेन एवं महापौर नीरज पाल ने नागरिको से अपील की है, कि इस शिविर में नागरिको की सभी प्रकार के जरूरतो का समाधान किया जा रहा है। शिविर में सभी प्रकार के आवेदन लिये जा रहे है। सामने काउन्टर बना हुआ है उसमे अपना पंजीयन कराये मोबाईल नम्बर लिखा दे। जिसका निराकरण शीध्र होने लायक है, वह हो जायेगा। नगर निगम के कर्मचारी नवीन राशन कार्ड, आयुष्मान कार्ड, आधार कार्ड, लाईट, सफाई, पानी निकासी इत्यादि का समाधान आदि तुरन्त कर रहे है। एक ही जगह एक ही छत के निचे सभी प्रकार के समस्याओ का निराकरण अधिकारियों द्वारा किया जा रहा है।